हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025




तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


11 आदिवासियों की समस्याएं दूर न हुईं तो दिल्ली तक ...





12 ट्रैफिक सिग्नल के बार-बार खराब होने से राहगीर परेशान









## खबर संक्षेप

### कालेज की पूरक परीक्षा 1 सितंबर से

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा पूरक परीक्षा 2025 की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। बीएससी होम साइंस, बीसीए एवं बीकॉम भाग-दो एवं तीन की परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 8 से 11 बजे तक होगी। बीए भाग-दो एवं तीन की परीक्षाएं द्वितीय पाली में दोपहर 1 से दोपहर 4 बजे तक होगी। पूरक परीक्षा 1 सितंबर से प्रारंभ होकर 19 सितंबर तक चलेगी।

### भाजपा कार्यकर्ता का बीच सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामा



**धमतरी।** रत्नाबांधा मुजगहन मार्ग में भाजपा कार्यालय के टर्न पर एक भाजपा कार्यकर्ता ने बीच सड़क पर फावड़ा, साइकिल, गमछा, गिट्टी रखकर आधे घंटे तक हाई वोलटेज ड्रामा किया। इस दौरान दोनों साईड से रूके वाहनों की ओर देखकर जोर-जोर चिल्लाकर खराब सड़कों का हवाला दे रहा था। कह रहा था भारी वाहनों से रोड खराब हो गया। रिपेयरिंग नहीं हो रही है। लोगों को परेशानी हो रही है। उनकी चिल्लाहट देखकर आसपास के लोगों ने उसे शांत कराया। आधे घंटे के बाद वह शांत हुआ, तब जाकर वाहनों का चलना आरंभ हुआ। बता दें कि छग में, निगम में भाजपा की सरकार है।

### कोर्स करीब आधा हो चुका है, छात्रों को हो रही परेशानी

# तीन बार मौका, फिर भी 39 सीटें रह गई खाली

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत तीन बार एडमिशन के लिए मौका दिया। तीन बार लॉटरी निकालने के बाद भी सीटें नहीं भर पाई हैं। उधर प्राइवेट स्कूलों में कोर्स लगभग आधा हो चुका है। ऐसे में एडमिशन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा रही है।

आरटीई गरीब छात्रों के लिए वरदान है। इस योजना के तहत इस साल जिले के 197 स्कूलों में 1092 सीटें आरक्षित रखी गई थी। स्कूल खुलने से पहले ही मार्च माह में इन सीटों पर गरीब परिवार के छात्रों का एडमिशन शुरू कर दिया गया था। एडमिशन के लिए तीन बार मौका दिया गया। मंगलवार को तीसरे चरण का एडमिशन पूरा हुआ। आरटीई के तहत पहली बार है जब एडमिशन के लिए तीन बार लॉटरी निकाली गई। इसके बाद भी आरटीई के तहत आरक्षित 39 सीटें रिक्त रह गई हैं। उधर निजी स्कूलों में कोर्स काफी आगे निकल चुका है। ऐसे में इस साल आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। तीसरे चरण में 30 छात्रों का चयन किया गया है। इन छात्रों को एडमिशन दिया जा रहा है।




#### डेढ़ सौ छात्र नहीं आए स्कूल

इस साल आरटीई के तहत 3808 छात्रों का आवेदन आया था। स्कूटनी के बाद 1360 आवेदन रद्द कर दिए गए। बाकी बचे आवेदनों को लेकर लॉटरी निकाली गई। दो बार निकाली गई लॉटरी में 1023 छात्रों को एडमिशन दिया गया। तीसरी लॉटरी में 30 छात्रों का चयन किया गया है। कुल मिलाकर निर्धारित 1092 सीटों के विरूद्ध 1053 छात्रों का एडमिशन हुआ है। 39 सीटें रिक्त रह गई हैं। उल्लेखनीय है कि पहली बार की लॉटरी में 156 छात्र स्कूल नहीं पहुंचे थे। इनके स्थान पर दूसरे छात्रों को एडमिशन दिया गया है।

#### आधी पढ़ाई में कैसे पास होंगे छात्र

आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया मार्च माह में चालू कर दी गई थी। जुलाई माह में पहले चरण का एडमिशन कम्पलीट हुआ। इसके बाद दूसरे चरण का एडमिशन शुरू किया गया जो हाल ही में समाप्त हुआ। तीसरा चरण मंगलवार को समाप्त हुआ। उधर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई जून महीने से शुरू हो गई है। तीन माह में कोर्स करीब आधा हो चुका है। ऐसे में जिन छात्रों को दूसरे और तीसरे चरण में अभी एडमिशन मिला है, वे पढ़ाई में पीछे रह जाएंगे।

# बारिश में मितानिनों ने की आवाज बुलंद

- रेनकोट और छाते के सहारे कलेक्टोरेट में किया जमकर प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री निवास के घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



मंगलवार को मितानिन संघ ने जनपद कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट के सामने जमकर प्रदर्शन किया। बरसते पानी के बीच रेनकोट और छाता लेकर जिलेभर की 1600 मितानिनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हुंकार भरी। ज्ञात हो कि मोदी के गारंटी वाले संकल्प पत्र में मितानिनों को किए गए वादे और मितानिन कार्य को एनजीओ के हवाले करने के विरोध में मितानिन संघ प्रदेश में 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताल में मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्पडेस्क फैसिलिरेटर एवं ब्लाक को-आर्डिनेटर शामिल है।

प्रदेशभर में मितानिनों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले की करीब 1600 मितानिन जनपद कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। मितानिनों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस बल तैनात थे, जिन्हें कलेक्टोरेट कार्यालय प्रवेश से पहले रोका गया। संघ की कुछ प्रमुख पदाधिकारियों को कलेक्टर से मिलने का मौका दिया गया। संघ ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने, मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्पडेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक को-आर्डिनेटर 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि उनकी मांगें एक सप्ताह में पूरी नहीं होने पर प्रदेश स्तर में मितानिन जंगी प्रदर्शन करेंगी प्रदेश की 72 हजार मितानिनों द्वारा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव एवं चक्काजाम किया जाएगा।

प्रदेश मितानिन संघ की महामंत्री श्रीमती पुष्पा साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी देकर भाजपा ने वादा किया था कि मितानिनों को केंद्र सरकार अंतर्गत स्थाई करने का प्रयास करेंगे। मितानिनों के मासिक मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि करेंगे। यह वादा अब तक पूरा नहीं हो पाया है, उल्टे मितानिन कार्यक्रम का संचालन एनजीओ को दिया जा रहा है जिसका प्रदेश मितानिन संघ विरोध कर रहा है। उन्होंने बताया कि हड़ताल से जमीनी स्तर की सभी स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हैं। खासकर प्रसव, टीकाकरण, हितग्राहियों के घरों में जाकर बीपी, शुगर टेस्ट, उपचार के लिए अस्पताल ले जाना सहित स्वास्थ्य संबंधी कई योजनाएं प्रभावित हैं।

# ड्राइवर महासंगठन वाहन चालकों को करेगा जागरूक

- कैंप लगाने पुलिस अधीक्षक से मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



छग ड्राइवर महासंगठन ने ड्राइवरों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने पुलिस अधीक्षक से अनुमति मांगी है। महासंगठन के जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष नोहर सिंग, सचिव सोमनाथ साहू, संरक्षक रोशनलाल ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि महासंगठन विगत कई वर्षों से राज्यभर के वाहन चालकों एवं परिवहन से जुड़े साथियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम पालन, नशामुक्त ड्राइविंग, स्वास्थ्य जांच एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरुकता अभियान चला रहा है। देश की आर्थिक प्रगति में ड्राइवरों का योगदान अतुलनीय है। लंबी दूरी के वाहन परिचालन, अनियमित समय-सारिणी, सड़क पर कार्य करते समय असावधानी के कारण अक्सर दुर्घटना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और कानूनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के निवारण के लिए प्रत्यक्ष संवाद एवं जनजागरुकता आवश्यक है। इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा 20 अगस्त से 20 सितंबर तक धमतरी जिले में विशेष जागरुकता कैंप लगाने की योजना है। छग ड्राइवर महासंगठन ने कैंप आयोजित करने के लिए एसपी से अनुमति देने की मांग की है।

### धर्मरक्षा मंच ने 17 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

# धर्मांतरण रोकने, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने, धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने सहित विभिन्न 17 मांगों को लेकर धर्म रक्षा मंच ने कलेक्टोरेट में जोरदार प्रदर्शन किया। घंटों तक नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद उन्होंने शाम को मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे दीपक ठाकुर के नेतृत्व में धर्म रक्षा मंच के सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए 17 सूत्रीय मांग को लेकर खूब नारेबाजी की। शाम 4 बजे तक उनका प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान पुलिस ने तगड़ी बैरिकेडिंग कर रखी थी। धर्म रक्षा मंच के दीपक ठाकुर ने बताया कि हिन्दू धर्म में गायों को मां का दर्जा प्राप्त है। इसके बाद भी जिले में बड़ी संख्या में गौवंश की तस्करी की जा रही है। उन्होंने गौ तस्करों को फांसी की सजा देने के लिए विशेष कानून बनाने और गाय को राज्य माता का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि जिले में कई जगहों पर अवैध रूप से प्रार्थना सभाएं चल रही हैं। इन प्रार्थना सभाओं से उन्हें आपत्ति नहीं है, यहां जाने वाले हिन्दुओं को रोका जाए। जो हिन्दू वहां जाना चाहते हैं, वे पहले तो हिन्दू धर्म से नाता तोड़ लें और जो उन्हें आरक्षण आदि का लाभ मिल रहा है, उसे छोड़ दें।



#### बढ़ते अपराध पर नियंत्रण जरूरी


मंच के सदस्यों ने बताया कि पीपरछेड़ी के कांवरियों को तेलीनसत्ती में अज्ञात वाहन ने चपेट ले लिया था, आज तक अज्ञात वाहन को खोजा नहीं गया है। तेलीनसत्ती में ही एक ट्रक चालक से अज्ञात बाइकर्स ने लूटपाट की थी। बरडिया ज्वेलर्स में गोलीबारी के आरोपी, निगम के गोठान से गायों को चोरी करने वाले आरोपी अज्ञात हैं। इन सभी मामलों की सूक्ष्मता से जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिले में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री, ताश, जुआ पर लगाम लगाई जाए। जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों को 10 बजे तक बंद कराया जाए। शहर के प्रत्येक वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। अड्डेबाजी वाली जगहों पर लाइट की व्यवस्था की जाए।


# अवैध रूप से शराब की बिक्री करते ढाबा संचालक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने ढाबा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। केरेगांव पुलिस को कुकरेल स्थित लल्लू ढाबा के संचालक विकास गेडाम द्वारा अपने ढाबे में अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल ढाबा पहुंच कर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान ढाबा संचालक को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पाया गया। पुलिस ने ढाबा से 35 पौवा देशी अवैध शराब, 8 पौवा अंग्रेजी शराब, 3 नग बीयर, बिक्री रकम 3550 रूपये, मोबाइल 2 नग कीमत 20 हजार कुल 28340 रूपये बरामद कर जब्ती की कार्रवाई की है। आरोपी ढाबा संचालक विकास गेडाम पिता रामनारायण 26 वर्ष ग्राम सियादेही-अरौद थाना केरेगांव निवासी को धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि एसपी के निर्देश पर सोमवार को सभी ढाबा संचालकों की मीटिंग लेकर अवैध शराब की बिक्री नहीं करने व नहीं पिलाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही सभी संचालकों को अपने ढाबे में सीसीटीवी कैमरे लगाने निर्देशित किया गया था।



# लकड़ी से भरा ट्रक नगरी रोड में पलटा, आवागमन बाधित





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

लकड़ी से भरे ट्रक के अचानक पलट जाने से नगरी रोड बाधित हो गया था। हाइवे पेट्रोलिंग व केरेगांव पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में यातायात को बहाल कराया गया।

पुलिस के अनुसार रविवार की रात्रि एक ट्रक लकड़ी भरकर नगरी रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान ग्राम सियादेही के पास सड़क पर ट्रक पलट गया। घटना में ट्रक में भरी लकड़ियां सड़क पर बिखर गई जिसके कारण नगरी रोड में आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। घटना की सूचना हाइवे पेट्रोलिंग टीम 02 को मिली। हाइवे पेट्रोलिंग व केरेगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से सड़क पर बिखरी लकड़ियों को हटाना शुरु किया। कुछ समय में यातायात आंशिक रूप से शुरु कर दिया गया। लकड़ियों को सड़क से हटाने के साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई। क्रेन की मदद से सड़क पर पलटे ट्रक को हटाकर किनारे किया गया। इससे नगरी रोड में यातायात पूरी तरह से बहाल हो सका। इस त्वरित कार्रवाई से नगरी रोड में फंसे यात्रियों, राहगीरों व वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली ।

#### पुलिस की तत्परता से यातायात हुआ बहाल

# पंडाल समितियों को भीड़, आगजनी और बिजली सुरक्षा पर ध्यान देने के दिए निर्देश



- गणेश उत्सव को लेकर हुई बैठक, नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से मनाने के उद्देश्य से नगर में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी एवं एसडीएम पीयूष तिवारी ने की। बैठक में तहसीलदार सूरज बंछोर, गणेश पंडाल समितियों के पदाधिकारी एवं डीजे साउंड संचालक उपस्थित थे। अधिकारियों ने आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, साउंड की समय सीमा, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा इंतज़ाम और साफ-सफाई के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि स्तर व समय-सीमा का पालन करने तथा पंडाल समितियों को भीड़-भाड़, आगजनी और बिजली सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डा. संजय वानखेड़े 11 दिन बाद हो जाएंगे रिटायर

# अक्टूबर के बाद मेडिकल स्पेशलिस्टविहीन हो जाएगा जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

लंबे समय से जिला अस्पताल में मरीजों को सेवा देते आ रहे मेडिसीन स्पेशलिस्ट डा. संजय वानखेड़े 11 दिन बाद रिटायरमेंट हो जाएंगे।

जिले का सबसे बड़ा अस्पताल जिला चिकित्सालय हमेशा मरीजों से हाउसफुल रहता है। यहां जिले के अतिरिक्त पड़ोस के पांच जिलों के मरीज भी उपचार के लिए पहुंचते हैं। जिसमें ओपीडी के अलावा आईपीडी के पेशेंट रहते हैं। मरीजों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। वहीं अस्पताल में डाक्टरों की संख्या घटती जा रही है। जिला अस्पताल में वैसे भी रेग्युलर डाक्टरों की कमी बनी हुई है। ऐसे में लंबे समय से जिला अस्पताल में सेवा दे रहे मेडिसीन स्पेशलिस्ट डा. संजय वानखेड़े 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

डा. वानखेड़े के जिला अस्पताल से चले जाने से मरीजों को बड़ी परेशानी हो सकती है, क्योंकि मेडिकल से संबंधित अधिकांश मरीज उपचार के लिए डा. वानखेड़े के पास पहुंचते है। डाक्टर भी किसी मरीज को बगैर इलाज के लौटने नहीं देते। वार्ड का राउंड लेने के बाद अपने चेंबर में बैठते ही मरीजों का उपचार शुरु कर देते हैं। ओपीडी का समय समाप्त हो जाने के बाद भी अंतिम मरीज तक सभी का उपचार करने के बाद ही अपनी कुर्सी छोड़ते हैं। शाम को फिर वार्डों का राउंड कर भर्ती मरीजों के हेल्थ का प्रोग्रेस चेककर दवाइयां लिखते हैं। चेंबर के अतिरिक्त डा. वानखेड़े अस्पताल में आते-जाते मरीजों से घिरे रहते हैं जिससे मरीजों को कहीं भी कभी भी त्वरित उपचार मिल जाता है। ऐसे में डा. वानखेड़े के 31 अगस्त को रिटायर हो जाने के बाद मरीजों को इस तरह की स्वास्थ्य सेवा मिल पाना मुश्किल माना जा रहा है। जबकि कुछ वर्ष पहले डा. वानखेड़े का जिला अस्पताल बालोद में तबादला हो गया था। इससे मरीजों का उपचार प्रभावित हो गया था। ओपीडी मरीजों का आंकड़ा घटकर आधा हो गया था। 14 माह के बाद जिला अस्पताल में दोबारा वापसी होने के बाद वार्ड व ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य हो गई, लेकिन इस बार तो डा .वानखेड़े सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दोबारा वापसी की कोई गुंजाइश नहीं है। रिटायरमेंट के बाद डा. वानखेड़े का एक्सटेंशन लेने की कोई सोच नहीं है, फिर भी मरीजों की परेशानी को देखते हुए सप्ताह में दो से तीन दिन सेवाएं देंगे।



डा. वानखेड़े के रिटायरमेंट के एक महीने के बाद अक्टूबर में जिला अस्पताल की एक और मेडिसीन स्पेशलिस्ट डा. आभा हिशीकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो जाएंगी। इसी के साथ जिला अस्पताल मेडीसिन स्पेशलिस्टविहीन हो जाएगा। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.राकेश सोनी व रेडियोलॉजिस्ट डा. प्रधान भी वीआरएस के लिए आवेदन दे चुके हैं। आने वाले समय में जिला अस्पताल को विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने धरा कृष्ण का रूप

**आमदी(धमतरी)।** अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उपवास रखकर भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की। बच्चों ने कृष्ण की वेशभूषा धारण कर जगह-जगह मटकी फोड़ी।

### पीएमश्री कठौली में शान से लहराया तिरंगा



**सिर्री।** अंचल के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल कठौली में संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस पर झण्डोत्तोलन तीनों अध्यक्ष राजकुमार निषाद, ओमराम साहू, नीलमणि निषाद तथा ग्रापं कठौली सरपंच खेमराज साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर नटराज मोबाइल नवापारा के संचालकने पीएमश्री विद्यालय के 131 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। बच्चों ने गीत, कविता, भाषण सुनाया जिन्हें समिति की ओर से इनाम दिया गया। समिति के सदस्य अरूण चौधरी ने 400 पैकैट मिष्ठान बच्चों को दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने व्यायाम की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ग्रामवासी, तीनों विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाएं, पूर्व जनपद सदस्य तामेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच कविता साहू, पूर्णेन्द्र साहू, छबिलाल साहू, रूपकला समेत सभी समिति के सदस्य, पंचगण व बच्चे उपस्थित हुए।

### हीलिंग मेडिटेशन कैम्प 8 सितंबर से

**नगरी।** जैन श्री संघ एवं शांत क्रांति संघ नगरी के तत्वावधान में विजय वैभव चातुर्मास के अवसर पर बोधि ध्यान चक्रास हीलिंग मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आचार्य विजयराज मसा की आज्ञानुवर्तिनी ध्यान आराधिका विदुषी महासती वैभव श्रीजी मसा के मार्गदर्शन में होगा। यह निःशुल्क शिविर 8 से 15 सितम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 7:15 से 8:15 बजे तक कृषि उपज मण्डी डिपो रोड नगरी में संपन्न होगा। शिविर में आयुर्वेद, गैस, एसिडिटी, अस्थमा, डायबिटीज, बीपी, पेटदर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, थायरॉइड और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से राहत हेतु चक्र हीलिंग मेडिटेशन कराया जाएगा।

## निधन

### कुमारी देवांगन



**धमतरी।** ग्राम पेंडरवानी निवासी कुमारी देवांगन 60 वर्ष का 19 अगस्त मंगलवार को निधन हो गया। वे राधेश्याम देवांगन की पत्नी व अधिवक्ता टुकेश्वर देवांगन की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मुरहीबाई ध्रुव



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी श्रीमती मुरहीबाई ध्रुव 90 वर्ष का निधन 16 अगस्त को हो गया। वे डीआर ध्रुव एवं सुभाष ध्रुव की चाची थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया। मौके पर देवेन्द्र, रामानंद, नरेन्द्र, युगलकिशोर, नेहरू, गौरव, प्रेमराज, फनिश, तारासिंग, सुरेश, गोपी, नारायण सेवक, दीनदयाल, समयलाल सहित बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

विजेता टोली को 31,000 नकद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

# रायपुर की टोली ने फोड़ी 35 फीट ऊंचाई पर लटकी दही हांडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में मंगलवार की रात्रि सम्राट गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता ने नगरवासियों का मनमोह लिया। हाईस्कूल का विशाल मैदान जनसैलाब से खचाखच भरा था। हर ओर उल्लास एवं उत्साह का माहौल दिखाई दिया। बिल्लू की क्रेन से 35 फीट ऊंचाई पर बंधी हांडी को फोड़ने रायपुर की प्रसिद्ध गोविंदा टोली और स्थानीय युवाओं के बीच जबरदस्त रोमांचक जंग देखने को मिली। जैसे ही रायपुर की टोली ने हांडी फोड़ी, पूरा मैदान तालियों और हाथी-घोड़ा-पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नान आयोग अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष नपं विकाश बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा उपस्थित थे। विजेता टोली को मोहन सोनी द्वारा 31,000 नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह नगर के हरीश यादव द्वारा अपने स्व. पिता एवं भाई की स्मृति में प्रदान किया गया। विधायक ने विजेता टीम को टॉफी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य विकास जैन, सौरभ नाग, तरुण साहू, यश संचेती, द्रविण नाग, ललित निर्मलकर, यशवंत साहू, अतिश देवांगन, रविन्द्र साहू, रूपनारायण साहू, नीरज साहू एवं निखिल नेताम समाट गणेश उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन सका। भाईचारे और सामूहिकता का प्रतीक यह दही हांडी उत्सव आने वाले वर्षों तक नगरवासियों की स्मृतियों में जीवंत रहेगा।

### सुंदरगंज वार्ड की महिलाओं ने किया ध्वजारोहण

**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुंदरगंज वार्ड की महिलाओं ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि समाज में आज महिलाओं का दर्जा और सम्मान पुरुषों से अधिक है। नारी आज हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। सुंदरगंज वार्ड की महिलाएं ध्वजारोहण कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रही हैं। वार्ड की महिला गिरिजा बाई ध्रुव, संतोषी बाई ध्रुव, मिलंतीन बाई ध्रुव, हेमिन बाई ध्रुव, राधिका ध्रुव, मीनाक्षी ध्रुव, रानी ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं ने ध्वजारोहण किया। हम सभी को इस उत्सव का बड़ी बेसब्री से इंतज़ार रहता है। मौके पर सुनीता ध्रुव, इंगेश्वरी ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, शिमला ध्रुव, तामेश्वरी ध्रुव, संगीता ध्रुव, घसनीन बाई ध्रुव, रानी ठाकुर, खिलेश्वरी ठाकुर, भावना मांडवी, रिया ठाकुर, सौरभ मरकाम, आशाराम ध्रुव, भागवत राम ध्रुव, देवराज ध्रुव, तुषार ध्रुव, ऋषभ ध्रुव, रुद्र ध्रुव, राधिका मरकाम, राजेश ध्रुव उपस्थित थे।



## सिविल सप्लायर कॉरपोरेशन के एमडी ने की कोटेश्वर महादेव की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कोटेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना करते हुए भोलेनाथ का अभिषेक किया। सिविल सप्लायर कॉरपोरेशन सीजी के एमडी संजय श्रीवास्तव ने विधि-विधान से भगवान महादेव की पूजा- अर्चना की।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस, महामंत्री महेंद्र पंडित, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, सत्यनारायण बाबा, प्रेमलता नागवंशी, नागेंद्र शुक्ला, राजेंद्र गोलछा, बेलर मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, ट्रस्ट सचिव तुकेश्वर साहू, मुरारी ग्वाल, निखिल साहू, राजा पवार, मनराखन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने दी देशभक्ति गीत, कविता की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

■ राजपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

ग्राम पंचायत राजपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य आरके टंडन, ग्राम पंचायत भवन में सरपंच उत्तम नेताम, आंगनबाड़ी केंद्र में उदयलाल सेन, लघु वनोपज सहकारी समिति कार्यालय में नरसिंह मरकाम तथा शिव मंदिर चौक में हुलार सिंह वट्टी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत स्कूली बच्चों, शिक्षकों, समिति सदस्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रभातफेरी निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। इस दौरान देशभक्ति नारों से गांव का वातावरण गूंज उठा। आयोजित सभा में स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागी बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु नगद राशि और पेन प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में ग्राम पटेल गिरधरसिंह वट्टी, देवलाल कुंजाम, जयकृष्ण साहू, संतोष निषाद, रोहिदास नेताम, घसियाराम वट्टी, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव, एम.के. यदु, एम.एल. निषाद, योगेन्द्र राजपूत, वरुण वट्टी, राजेश मरकाम, रणजीत तारक, राम दास बघेल, बिसरू राम नागेश, केशव प्रजापति, सत्यभान कंचन, नीलम कुंजम, नरेश सोरी, मोनिका साहू, सविता नेताम,शाला नायक तेजेश्वर कोसरिया, लक्ष्मी नाथ ओटी, पोखन नेताम, पुरंजय भंडारी, उत्तम नेताम, खिरभान, माखन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए बच्चों व युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम परसवानी में हलषष्ठी पर्व पर महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने भी संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। पर्व में बिना हल चले पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजियों का भोग लगाने का विशेष महत्व है। हलषष्ठी देवी को धरती का स्वरूप माना जाता है, इसलिए इस दिन हल चले जमीन पर माताएं नहीं चलतीं और हल चले जमीन से उपजे अन्न का उपयोग नहीं करती। पूजा के दौरान महिलाओं ने सगरी बनाकर भगवान शंकर व गौरी, गणेश को पसहर चावल, दूध, दही, घी, बेल पत्ती, कांशी सहित अन्य सामग्रियां अर्पित की। पंडित मनोज शर्मा अटंग ने पूजन की प्रक्रिया को विधिवत संपन्न किया। पूजा के दौरान चंद्रिका राजपूत, कुंती राजपूत, कविता यादव, उमा यादव, राधा, मीनाक्षी, चंद्रकली, संतोषी, पवन, लक्ष्मी, गायत्री, चंदा, उर्मिला, भगवंतीन, पूर्णिमा सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

बच्चे कृष्ण, राधारानी एवं गोपियों की वेशभूषा में नजर आए

## श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे रहे सांकरावासी


हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांकरा के प्रत्येक मोहल्ले के लोग कृष्ण भक्ति में डूबे हुए दिखाई दिए। शनिवार को सुबह 9 बजे पूजा अर्चना कर लड्डू गोपाल को स्थापित किया एवं पूरे दिन बारी-बारी से कृष्ण भक्ति के रंग में सभी लोग रंगे हुए दिखाई दिए। बच्चे कृष्ण, राधा रानी एवं गोपियों की वेशभूषा में नजर आए।

रात्रि में श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाया गया एवं उनके बाल रूप में संबंधित विभिन्न लीलाओं का झांकी के माध्यम से दर्शन कराया गया। लोगों ने आतिशबाजी कर खुशियां प्रकट की। महाआरती के पश्चात भगवान को पालने में झुलाया गया। श्रीकृष्ण भजन रातभर भजन चलता रहा।







रविवार को डीजे की धुन में नाचते गाते हुए विसर्जन किया गया। शाम को हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर आचार्य उदयभानु दीवान, श्री राधाकृष्ण बाल मंडली के अध्यक्ष मनराखन साहू, मायाराम साहू, राकेश वैष्णव, शनेश्वर साहू, शैलेंद्र साहू, सुदामा साहू, मोहितराम साहू, कुमेश साहू, नरेंद्र साहू, माखन सिन्हा, रामस्वरूप साहू, खेमराज साहू, इंदुमती साहू, साजन साहू, डिगेश्वरी साहू, राधा साहू, नेहा साहू, धनेश्वरी साहू समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उनके समर्पण कार्य से प्रभावित होकर अन्य युवा भी कदम से कदम मिलाकर चल रहे



## सिर मुंडन करवाकर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर देशभक्तों का सम्मान सभी ने अपने अपने तरीके से किए, पर विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम हथबंद के बलराम साहू का तरीका सबसे अलग है। प्रत्येक 15 अगस्त को वे अपना सिर मुंडन करवाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह उनका 30 वां वर्ष है। उनकी इस देशभक्ति को हर कोई सलाम करते हैं। समाजसेवी यह युवा राष्ट्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। असहाय, जरूरतमंद, पीड़ितों की सेवा में अग्रणी रहते हैं। वे ऊर्जा विभाग क्रेडा में अपनी सेवा दे रहे हैं। शहीदों के प्रति उनके समर्पण कार्य से प्रभावित होकर अन्य युवा भी कदम से कदम मिलाकर चलने लगे हैं। ग्राम हथबंद के कार्तिक साहू कारपेंटर ने इस वर्ष 13वीं बार सर मुंडन कराने के पश्चात तिरंगे को सलामी दी। बलराम साहू अपनी कर्मठता एवं सेवाभावी के चलते विभिन्न स्तरों से सम्मानित एवं पुरस्कृत हो चुके हैं। जब 108 संजीवनी एम्बुलेंस प्रारंभ नहीं हुई थी, तो उसने फुसेरा कुरूद के तुलसीराम भीमो सहित अनेक चोटिल, घायलों की सेवा कर उनके घर व अस्पताल ससमय पहुंचाया, जिससे समय पर इलाज हो जाने से अनेकों के जीवन से अनहोनी टली। वे कविता लेखन, रंगमंच एवं मानस मंच से भी जुड़े हुए हैं। वे शिव शक्ति मानस मंडली के सचिव, मानस शक्ति केन्द्र करगा के सहसचिव, राजमानस संघ धमतरी के आजीवन सदस्य हैं। स्वास्थ्य, चिकित्सा, पाठ्य सामग्री वितरण, बाढ़ आपदा, बेरोजगारों को उपयोगी सामग्रियां उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना, समाज के निचली तबकों की सहायता आदि अनेकों कार्यों में समर्पित होकर सेवा करते हैं। बलराम साहू को ग्राम रत्न, शिक्षा दूत, अक्षर सैनिक मानस दूत आदि अनेकों विभूति से विभूषित किये जा चुके हैं। विद्युत ठेकेदारी कार्य करते हुए अपने ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में स्वयंसेवी, अवैतनिक शिक्षक के रूप में उन्होंने शिक्षादान भी किया है।





## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा में मनाया गया हलषष्ठी पर्व



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में हलषष्ठी पर्व पर महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने भी संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सगरी बनाकर पूजा-अर्चना की। देवीना साहू, रुपाबाई, रितुबाई साहू, वेदिका साहू, झरनाबाई साहू, चन्द्रकला, आरती बाई, सीमा साहू, झरनाबाई साहू, मीना साहू, यामिनी साहू, ओम, कमलेश्वरी, रेणुका, कोमिन, राधिका, योगेश्वरी, मोनिका साहू, दिव्या साहू, संतोषीबाई, गौरी साहू, कुमारी भुनेश्वरी यादव सहित प्रमोद साहू, राधे साहू, आशाराम साहू, आकाश साहू शामिल हुए।

### महिलाओं ने सगरी बनाकर की पूजा-अर्चना



**नगरी।** ग्राम करैहा में हलषष्ठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने संतान की सलामती के लिए भगवान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। महिलाओं ने चौक चौराहों पर सगरी बनाकर भगवान शिव, माता पार्वती की विधि- विधान से पूजा की। सगरी में लाई, फलपत्ती, हल्दी, कुमकुम, पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी, मिट्टी के अलग-अलग खिलौने, भैंस के दूध से बना दही, घी, दातून,पलाश के पत्तों से बना दोना, नारियल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई। व्रतधारी महिलाओं ने पसहर चावल से बना प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महिलाएं इंद्राणी साहू, जुगबाई साहू, कुमारी बाई साहू, मोनिका साहू, डोमेशवरी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### प्रोविडेंट इंग्लिश स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई



**नगरी।** प्रोविडेंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी में कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण झूला, दही हांडी फोड़ का आयोजन हुआ। राधा कृष्ण नृत्य एवं कृष्ण राधा वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख विकल गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाने एवं सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता कश्यप, संगीता साहू, डी मोहन, शैलेंद्र वर्मा, हेमराज हिरवानी, कोशिश निर्मलकर, अनीता कश्यप, मनेश्वरी साहू, सुशीला साहू, अंजु साहू, किरण पटेल, नर्मदा साहू, भानमती कश्यप, सादिया मिर्जा, कुमारी चित्रलेखा, भरत यादव समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हेमराज द्वारा किया गया।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई रामधुनी



**नगरी।** कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पुरानी बस्ती दुगली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । बजरंग चौक पुरानी बस्ती दुगली में 24 घंटे का कृष्ण झूला का आयोजन किया गया जिसमें रामधुनी हुई। उपसरपंच चंद्रभान नेताम, समिति सचिव अनिल कुमार यादव, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, भोज सोनवानी ने ग्राम तंवरबाहरा जिला गरियाबंद रामधुनी पार्टी गायक दैनीराम ध्रुव को मंच पर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रमुख सीताराम नेताम, अध्यक्ष रवि कुमार यादव, उपाध्यक्ष नमन कुमार नेताम, सहसचिव शिवा नेताम, कोषाध्यक्ष महेंद्र मरकाम, तोषण मरकाम, उत्तमचंद सोरी, रोहित यादव ,गजराज सिंह ध्रुव, राजाराम नेताम, मंशाराम मरकाम, पुजारी गुलेश नेताम, चमन सोरी, मनीष नेताम, मुकुलदेव नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

### चरमुड़िया में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



**सिर्री।** ग्राम चरमुड़िया में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रात्रि 8 से 2 बजे तक शारदा मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई। शंकरनगर रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में हुए इस आयोजन में प्रेमलाल निर्मलकर, शिव निर्मलकर, कृतिका, होरीलाल साहू समेत ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

### हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**आमदी(धमतरी)।** सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल ग्राम कंवर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि झालेंद्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों द्वारा गीत, भाषण, कविता, नाटक प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जानकारी दी। कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले बच्चों को दयानंद साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर टिकेश्वर साहू, ठाकुरराम साहू, लोकनाथ साहू, प्राचार्य दुर्गेश साहू, कुलेश्वरी देवांगन समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मालगांव में एक शिक्षक से पढ़ाई हो रही प्रभावित

**धमतरी।** गंगरेल डुबान के मालगांव स्थित उन्नयन माध्यमिक शाला में शिक्षकों की कमी की शिकायत जनदर्शन में की गई है। सोमवार को मालगांव से पहुंचे पालकगण राजेश सलाम, शिवनारायण मरकाम, दिनेश मंडावी, किशनलाल, कृपाराम मंडावी, महेश कुमार नेताम, शकुंतला, लक्ष्मी लोकेश्वरी, ममता मंडावी आदि ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला मालगांव (डुबान) में एक शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षक को मीटिंग, प्रशिक्षण अन्य शासकीय कार्यों से बाहर जाना पड़ता है जिससे छात्रों को पढ़ाई बंद हो जाती है। बच्चों का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। पालकों ने अतिशीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### युवाओं को नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प



**धमतरी।** ड्रग मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस द्वारा रूद्री के पालीटेक्निक कालेज में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रव्यापी ड्रग जागरूकता अभियान अंतर्गत ड्रग मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में सोमवार को भोपालराव पवार पालीटेक्निक कालेज में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। एमएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने ड्रग्स नशे के दुष्प्रभाव व साइबर फ्राड की बढ़ती घटनाओं के बारे में बताया। सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने फर्जी लिंक, फेसबुक, इंस्टाग्राम आईडी, वीडियो काल, चेटिंग आदि के माध्यम से होने वाले साइबर फ्राड से बचने के उपाय बताए। डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी ने यातायात नियमों की महत्ता बताते हुए सड़क पर सुरक्षित ढंग से चलने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। जनजागरूकता कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य जीआर साहू, शिक्षकगण, रूद्री थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### श्रम पंजीयन शिविर 20 अगस्त से 29 सितम्बर तक

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में 20 अगस्त से 29 सितम्बर तक श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में लगने वाले इन मोबाइल कैम्प शिविरों में श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण सहित योजना आवेदन लिए जाएंगे। 20 अगस्त को मगरलोड ब्लॉक के भवन निर्माण कार्यस्थल सांकरा, 21 अगस्त को कुरूद के भवन निर्माण कार्य कोलियारी, 22 अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्य खपरी, 25 अगस्त को कुरूद के ग्राम सिहाद, 28 अगस्त को मगरलोड के धौराभाठा, कपालफोड़ी, 29 अगस्त को नगरी के ग्राम रतावा में शिविर लगाए जाएंगे। 2 सितम्बर को कुरूद के ग्राम कचना, 4 सितम्बर को मगरलोड के ग्राम परसाबुड़ा, 8 सितम्बर को धमतरी के सोरम, भटगांव, 10 सितम्बर को नगरी के ग्राम नवागांव सांकरा और 12 सितम्बर को धमतरी के ग्राम पोटियाडीह में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। 16 सितम्बर को मगरलोड के भवन निर्माण कार्य शुक्लाभाठा, 18 सितम्बर को कुरूद के भवन निर्माण कार्य कोलियारी, 22 सितम्बर को धमतरी के ग्राम बोड़रा स, 24 सितम्बर को नगरी के ग्राम मौहाबाहरा, 26 सितम्बर कुरूद के ग्राम सिहाद और 29 सितम्बर को नगरी के ग्राम अमाली, सम्बलपुर में श्रम पंजीयन शिविर लगाए जाएंगे।

रावणभाटा मैदान जुटे कई गावों के आदिवासी, रैली निकाली

# आदिवासियों की समस्याएं दूर न हुईं तो दिल्ली तक होगा आंदोलन : रघु





हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक रघु ठाकुर ने चेतावनी दी है कि यदि नगरी सिहावा अंचल के आदिवासियों की बुनियादी समस्याओं और मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन की आग जिला मुख्यालय से लेकर राजधानी रायपुर और अंततः दिल्ली तक पहुंचेगी।

कई गावों के आदिवासी महिलाएं और पुरुष मूसलाधार बारिश के बीच छतरी ताने रावणभाटा मैदान नगरी में जुटे। सभा के बाद रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एडीएम को सौंपा। अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने कहा कि ठेलकाभर्री, छुईभर्री, उमरादेहान, कुसुमभर्री और बोइरनाला जैसे गांवों में आदिवासियों को जमीन के पट्टे तो मिल गए हैं, लेकिन न तो उन पर कब्जा दिलाया गया है और न ही वहां बुनियादी सुविधाएं पहुंची हैं। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि समस्याएं जल्द नहीं सुलझीं तो हाल वही होगा जैसा महाभारत काल में कौरवों का हुआ, जिन्होंने पांडवों को पांच गांव तक नहीं दिए थे।

उन्होंने कहा कि नगरी सिहावा क्षेत्र के लोग हमेशा शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलनों में विश्वास करते रहे हैं, मगर सरकार उनका ध्यान नहीं दे रही। विकास के नाम पर अरबों रुपये नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और राजधानी के विस्टा प्रोजेक्ट में खर्च हो रहे हैं, जबकि यहां की सड़कें बारिश में तालाब बन जाती है। यहां तक कि तहसील कार्यालय परिसर पानी में डूबा रहा। श्री ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि नक्सली हिंसा में भी दोनों तरफ से आदिवासी ही मारे जाते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को अवसर मिलते ही जनता के दिलों में जगह बनाने वाले कार्य करने चाहिए, वरना सत्ता में आने-जाने का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि छग में आज मुख्यमंत्री आदिवासी हैं, फिर भी विडम्बना है कि शांतिपूर्ण संघर्ष कर रहे आदिवासियों की पीड़ा दूर नहीं हो पा रही। सभा का संचालन पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों अशोक पंडा, श्याम मनोहर सिंह और शिव नेताम ने किया। सैकड़ों महिला-पुरुषों ने बारिश के बीच जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

# सांकरा से बेलरगांव मार्ग जर्जर

## स्कूली बच्चे सहित आमजन हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी





सांकरा से बेलरगांव मार्ग की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। इस मार्ग में सांकरा, घटुला, बेलरगांव, घुरावड़ से कांकेर जिला पहुंच मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढों से आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों की आवाजाही भी जोखिमभरा हो गई है। स्थानीय नागरिकों की माने तो सड़क की जर्जर हालत के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है और कई लोग अब तक चोटिल भी हो चुके हैं।

विशेष रूप से सांकरा के समीप सड़क पर गहरा और बड़ा गड्ढा लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बारिश के कारण इस गड्ढे में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। यह गड्ढा महीनों से जस का तस बना हुआ है। कुछ लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले विभाग ने केवल औपचारिकता निभाते हुए मरम्मत की थी जो कुछ दिनों में ही ध्वस्त हो गई और गड्ढा फिर से वैसा ही हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग तब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाएगा जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराएं ताकि आमजनता को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पीडब्लूडी विभाग के एसडीओ ने बताया कि एक-दो दिनों में सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बारिश के कारण कार्य रुक-रुककर चल रहा है।

# मेनोनानट इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79 वां स्वतंत्रता दिवस दिवस मनाया गया। शाला की सभा में राष्ट्रीय गीत एवं वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। आज के इस एतिहासिक दिवस एवं इसके इतिहास और महत्ता की जानकारी शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने छात्रों को दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अनगिनत भारतीयों में स्वतंत्रता की भावना जगाने वाले देश के प्रत्येक आजादी के मतवालों एवं



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा से नतमस्तक किया।

# जिले के चार युकां नेताओं ने व्हाइट टी शर्ट मूवमेंट में लिया भाग

- प्रदेश के 100 चुनिंदा युवाओं में हमें शामिल होने का मिला सौभाग्य : देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर रायपुर में आयोजित संविधान लीडरशिप प्रोग्राम व्हाइट टी शर्ट मूवमेंट में कुरूद विधानसभा युकांध्यक्ष देवव्रत साहू, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, जनपद सदस्य लिली श्रीवास, प्रमोद कुंजाम ने भाग लिया। छग युवा कांग्रेस द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह में कांग्रेस महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भारतीय युवा कांग्रेस के



राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, युकां प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित सभी प्रदेश नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। इससे पूर्व दिल्ली से आई राहुल गांधी की टीम के प्रशिक्षक मनीष शर्मा, गौरव जायसवाल, अभिषेक त्रिपाठी ने तीन दिनों तक युवाओं में नेतृत्व की भावना और संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए कुरूद नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने बताया कि हमारे नेता राहुल गांधी के निर्देश पर उनकी टीम द्वारा आयोजित संविधान लीडरशिप प्रोग्राम व्हाइट टी शर्ट मूवमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम में छग प्रदेश के 100 चुनिंदा युवाओं को शामिल होने का सौभाग्य मिला। लीडरशिप प्रोग्राम के तहत कांग्रेस पार्टी युवाओं की एक ऐसी जनसेना तैयार कर रही है, जो राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों के लिए हर मोर्चे पर लड़ सके। यह सेना गलियों से गांवों तक, सड़कों से संसद तक, संविधान की रक्षा करेगी, लोकतंत्र को मज़बूत बनाएगी और किसी भी ताकत को जनता की आवाज को दबाने नहीं देगी। प्रशिक्षण में शामिल युवाओं को स्पेशल टास्क सौंपा गया है जिसमें महीने में दो बार राहुल गांधी का प्रशिक्षण टीम और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ ऑनलाइन मीटिंग होगी, जिसमें किए गए कार्यों की समीक्षा होगी।

# गुरु बालकदास के विचार आज भी प्रासंगिक : ओंकार



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- देवपुर में आयोजित गुरु बालकदास जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज द्वारा देवपुर मेला स्थल में गुरु बालकदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने समाज के प्रतिभावान लोगों को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि कि गुरु बालकदास ने सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और मानव सेवा का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन आज भी युवाओं को सत्य, अहिंसा और समानता के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव को समाप्त कर उन्होंने भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं के लिए जीवन की दिशा तय करने का प्रकाशपुंज हैं। विधायक ओंकार साहू ने सतनामी समाज की मांग पर देवपुर मेला स्थल में सर्व सुविधा युक्त शौचालय निर्माण करने की घोषणा की। इस निर्णय का समाजजनों ने स्वागत किया और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में युवतियों ने पंथी नृत्य का जोरदार और भावपूर्ण प्रदर्शन कर बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया। जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि विधायक ने हमेशा जनहित और समाज की उन्नति को प्राथमिकता दी है। उनके प्रयास से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मौके पर विजय सोनवानी जिला अध्यक्ष सतनाम समाज, विनोद डिंडोलकर युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज, मनीष मारकंडे, मोहन जांगड़े, मनीष गायकवाड़, देवलाल साहू सरपंच देवपुर, पन्ना लाल साहू पूर्व उपसरपंच देवपुर समेत अन्य उपस्थित थे।

# चर्रावासियों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कृष्णसखा पूजा स्थल प्रांगण चर्रा में शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित कर चर्रावासियों ने धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव मनाया।

- भजन संध्या में दर्जन भर गायक संगीतकारों ने भक्तिमय समां बांधा

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भजन संध्या रही जिसमें दर्जन भर गायक, संगीतकारों ने ऐसा भक्तिमय समां बांधा कि बादल बरसते रहे, पंडाल के तालपत्री से बूंदें टपकती रही फिर भी दर्शक श्रोता गुनगुनाते रहे तालियां बजाते रहे।

भजन संध्या का शुभारंभ विद्या एवं संगीत की देवी शारदा की आराधना, गणपति वंदना से ख्यातिनाम मुख्य गायक एलपी गोस्वामी छ.ग. शासन अलंकरण दाऊ मंदराजी सम्मान से पुरस्कृत गीत गायक ने की और कृष्ण बाल लीला के अनेकों प्रसंगों को लेकर मनमोहक प्रस्तुति दी। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित एवं कुरूद स्वरांगन क्लासेस के शिक्षक चमन दास ने स्वरचित गीतों को सस्वर संगीत से पिरोकर गायन प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। रात्रि बारह बजे श्री कृष्ण जन्म उत्सव के उपलक्ष्य पर परामपरागत सौहर गीत भजन गाया गया, तो दर्शक दीर्घा में बैठी महिलाएं अपने आप को रोक नहीं सकी और मगन होकर झूमते रही। देर रात तक दही हांडी फोड और दही लूट, राऊत नाचा दोहा, संगीत का आनंद उठाते रहे। भजन संध्या में रोशन ध्रुव, शिव निर्मलकर एवं वाद्य यंत्र हारमोनियम पर जागेश्वर साहू, आर्गन-सोनू , तबला-सुखीराम साहू, पैड-किशोर साहू, मंजीरा-गिरधारी बैस, चोवाराम साहू का साथ रहा। मंच संचालन गणपति यादव ने किया जिनका कृपाराम यादव, उमेश बैस एवं उत्तम साहू, प्रदीप यादव ने श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मान किया ।





कार्यक्रम में कुरूद प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा एवं पूर्व अध्यक्ष गणेश साहू, पन्नालाल सेन, कृष्ण कुमार बैस, दाऊलाल विश्वकर्मा, दूजराम साहू, सेवक ध्रुव, अशोक यादव, श्रवण यादव, हेमन्त यादव, मुकेश यादव, रूपरंजन यादव, नीलमणि रंजन यादव, कृष्ण सखा परिवार श्रीमती गीता यादव, आरती चन्द्राकर शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

### मानस शिशु मंदिर में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**धमतरी।** श्री मानस शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जोधापुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सभी को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकियों, नृत्य नाटिका एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, संस्कृति और आस्था को गहराई से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से निगम सभापति कौशल्या देवांगन, लखमशी भानुशाली, नरेंद्र मिश्रा, हरि कटारिया, नंदलाल यादव, हेमलता हिशिकार, ओमप्रकाश महावर, महेंद्र राजपूत, कौशल्या लहरे, भूपेश्वरी कोसरे, मधु टंडन, बेलबती पटेल, अजय, दीपक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने महिला कमांडो व्यवस्था को पुनः शुरू करने की मांग की

# विकास एवं कानून व्यवस्था को लेकर भाजपाई सीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से क्षेत्रीय विकास कार्यों एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू के साथ भाजपा के प्रतिनिधि मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासियों ने मुलाकात की। इस दरम्यान श्रीमती रंजना साहू ने भाजपा संगठन में नवीन दायित्व मिलने पर मुख्यमंत्री को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। श्रीमती रंजना साहू ने धमतरी क्षेत्र में लगातार बढ़ते अपराध, विशेषकर महिला सुरक्षा और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पूर्व में महिला कमांडो के सक्रिय रहने से नशा करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण था और शाम व रात्रि के समय गश्त के कारण महिलाओं में सुरक्षा की भावना बनी रहती थी। उन्होंने महिला कमांडो व्यवस्था को पुनः शुरू करने की मांग की। इसके अलावा धमतरी विधानसभा क्षेत्र में बजट में सम्मिलित कई विकास कार्यों



जैसे सड़क निर्माण, पेयजल सुविधा, विद्युत आपूर्ति, एवं शहरी विकास योजनाओं की शीघ्र स्वीकृति व क्रियान्वयन की मांग भी मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि धमतरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला कमांडो की प्रभावशीलता की समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही जिन विकास योजनाओं की स्वीकृति लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर त्वरित स्वीकृति एवं बजट आवंटन प्रदान किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, एमआईसी मेम्बर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, राजेश गोलछा, भाजपा नेता चिरौंजीलाल साहू, डीपेन्द्र साहू, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवेश अग्रवाल, जितेश सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप





### आमदी कालेज में एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया

**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन में एंटी रैगिंग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. जायसवाल ने छात्र- छात्राओं को छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग का प्रतिषेध अधिनियम 2001 के बारे में जानकारी दी। अधिनियम की धारा 3 के अनुसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रैगिंग लेना या उसमें शामिल होना दण्डनीय अपराध है। धारा 4 के अनुसार रैगिंग की सजा 5 वर्ष का कारावास या 5000 जुर्माना या दोनों हो सकता है। धारा 5 के अनुसार रैगिंग एक संज्ञेय, गैर जमानती एवं अक्षमनीय अपराध है। धारा 4 के अधीन दोष सिद्ध पाए जाने पर संस्था से निष्कासित किया जाएगा। रैगिंग में शामिल होने वाले छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने महाविद्यालय में रैगिंग मुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए छात्र-छात्राओं से आह्वान किया। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी ने एंटी रैगिंग दिवस के उद्देश्य और महत्व पर चर्चा की। वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी ने रैगिंग से संबंधित विभिन्न प्रावधानों को बताया।

### दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश बने



**धमतरी।** वनांचल क्षेत्र में दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने, कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरी में बैठक रखी गई जिसमें बसंत कुमार विश्नोई ने कपड़ा सिलाई, दोना पत्तल निर्माण, अगरबती, साबुन तथा कैरी बैग निर्माण हेतु सुझाव दिए। घनश्यामसिंह साहू ने दिव्यांगों के विवाह पर समाज कल्याण विभाग दवारा संचालित विवाह प्रोत्साहन योजना, पेंशन, छात्रवृति, कृत्रिम अंग तथा यूडीआईडी कार्ड के बारे में जानकारी दी। करही सरपंच बीरबल पदमाकर के संरक्षण में ब्लाक शाखा नगरी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडावी, सचिव कुमारी यादव, उपाध्यक्ष पार्वती मुक्तारानी तथा कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नेताम चुने गए। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग दवारा 31 अगस्त तक नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में घनश्याम सिंह साहू ने लोगों को नशामुक्त समाज के लिए नशापान से दूर रहने की शपथ दिलाई।

ई-चालान की सुविधा नहीं होने से लोगों में कानून का डर नहीं

# ट्रैफिक सिग्नल के बार-बार खराब होने से राहगीर परेशान, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के मुख्य चौक-चौराहों में लाखों रूपए की लागत से लगाए गए ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नलों के बार-बार खराब होने से राहगीर परेशान हैं। हालांकि सिग्नलों के बंद होने से यातायात पुलिस चौक में दिखाई देती है लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईशारे को दरकिनार करते हुए फर्राटे से सिग्नल तोड़कर वाहन गुजारते हैं। सिग्नल बंद भी हो गया तो इसे जल्द नहीं सुधारा जाता। इससे वाहन चालक पसोपेश में रहते हैं।

शहर के सिहावा चौक, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक, बठेना चौक, अर्जुनी चौक, गोकुलपुर चौक, हरफतराई चौक आदि स्थानों में ट्रैफिक इलेक्ट्रिक सिग्नल लाइट गुल होने के बाद बंद हो जाते हैं। बैटरी भी खराब है इसलिए बिजली आने का इंतजार रहता है। दूसरे खंभे में वाहन टकराने, बारिश या शार्ट सर्किट होने से ट्रैफिक सिग्नल बंद हो जाता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था सिपाही के भरोसे रहती है जिसकी पब्लिक कई बार नहीं सुनती।



सिहावा चौक



घड़ी चौक

घड़ी चौक के पास लगाए गए दो-दो ट्रैफिक सिग्नल मंगलवार को दिनभर से खराब है। 12 घंटे से यातायात व्यवस्था एक सिपाही के भरोसे रही है। अगर वह किसी आवश्यक काम, लघुशंका, जलपान के लिए चला गया तो चौराहा भगवान भरोसे रहता है। कुछ मनचले युवा बंद सिग्नलों का फायदा उठाकर गाड़ी में फर्राटे भर लेते हैं। शिकायत के बाद शाम 6 बजे रिपयेरिंग करने मैकेनिक पहुंचा। इस दृश्य को हरिभूमि ने अपने कैमरे में कैद कर लिया है जिसमें ट्रैफिक सिग्नल बंद है। रिपेयरिंग चल रही है। ऐसे ही हालत अन्य ट्रैफिक सिग्नलों की है जो अक्सर बंद चालू होते रहते हैं।

शहर के हरफतराई चौक शांति कालोनी के पास लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल स्थापना के बाद से चालू नहीं हुआ है। इसके निर्माण के 4 साल बाद भी उद्घाटन नहीं हो सका। मात्र यह चौक का शोपीस बनकर रह गया है। इस संबंध में हरिभूमि तीन बार समाचार प्रकाशित कर चुका है। फिर भी किसी का ध्यान नहीं गया। जबकि नगरी सिहावा मुख्य मार्ग होने के कारण हजारों हेवी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। दोनों साइड घनी बस्ती है। कालोनी के तरफ सैकड़ों रहवासी रहते हैं। हरफतराई मार्ग में दर्जनों गांवों के लोग आना-जाना करते हैं। चौक पार करते समय हमेशा दुर्घटना की आशंका रहती है। इस क्षेत्र के नागरिक विनोद यादव, कृपाराम यादव, महेश जैन, नरोत्तम साहू, कोमल साहू सिग्नल को चालू करवाने कई बार पुलिस व जिला प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं।

शहर के मुख्य मार्ग के व्यापारी महेश सोनी, निरंजन सिन्हा, पप्पू सिन्हा, महेन्द्र अग्रवाल आदि का कहना है कि ट्रैफिक सिग्नल चूंकि इलेक्ट्रानिक इलेक्ट्रिक वस्तुएं है इसलिए खराब होना लाजिमी है लेकिन बार-बार खराब होना जांच का विषय है। खराब होने के बाद लेट से रिपेयरिंग करना समझ से परे हैं। नागिरकों का कहना है कि ई-चालान की सुविधा नहीं होने से लोगों में कानून का डर नहीं है। कुछ तत्व सिग्नल की अनदेखी या सिग्नल की खराब स्थिति का फायदा बखूबी उठाते हैं और फर्राटे से वाहन दौड़ाते हैं।



## नशीली एवं अमानक दवाओं की अवैध बिक्री पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार स्वापक एवं मनःप्रभावी नशीली दवाओं की अवैध बिक्री तथा नशे के रूप में दुरूपयोग को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सहायक औषधि नियंत्रक संजय राजपूत, संयुक्त निरीक्षण दल औषधि निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी, सुमित देवांगन एवं लुकेश साहू द्वारा धमतरी शहर के 6 मेडिकल स्टोर्स विजय मेडिकोज वार्ड नं. 4 स्टेशन रोड, आरएस मेडिकल एजेंसी कुशल कॉम्प्लेक्स, ग्रीनक्रॉस मेडिकल स्टोर्स मिशन ग्राउण्ड के सामने, आरती मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, मानिक मेडिकल स्टोर्स, नया बस स्टैण्ड के सामने एवं भारत मेडिकल स्टोर्स, सुन्दरगंज वार्ड का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान विजय मेडिकोज में अवसान तिथि की औषधि- Junior Lanzol 30, आरएस मेडिकल एजेंसी में शेड्यूल-H1 औषधि-Inj. Taxim 250, Syp Cedopil 100, Susp. Cefredrox 50 के विक्रय अभिलेख में अनियमितता, ग्रीनक्रॉस मेडिकल स्टोर्स में औषधि-Pregabanyl-NT के



विक्रय अभिलेख में अनियमितता, मानिक मेडिकल स्टोर्स में कफ सिरप Alkof-DX, Besto-cof, Planokuf New के विक्रय अभिलेख में अनियमितता, भारत मेडिकल स्टोर्स में कफ सिरप-Alkof-DX के विक्रय अभिलेख में अनियमितता एवं अवसान तिथि की औषधि- Freelex Tab, Freelac Syrup पाया गया। सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के अंतर्गत संबंधित मेडिकल स्टोर्स के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही से नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर व्यापक एवं नियंत्रण तथा अमानक, नकली दवाओं, कॉस्मेटिक्स की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते प्रतियोगिता में जिले को मिले 3 रजत, 6 कांस्य पदक



- दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में जिले से 16 खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

19वीं ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते प्रतियोगिता दिल्ली में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न राज्यों से कुल 2100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। धमतरी जिले से कुल 16 खिलाड़ियों ने धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसई अशोक सिन्हा के मार्गदर्शन में भाग लिया।

जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 3 रजत पदक जीते। 9 वर्ष 25 किग्रा कुमिते (फाइट) में भव्या साहू ने रजत पदक, 10 वर्ष 35 किग्रा कुमिते में युवान ढीमर रजत पदक, 14 से 15 वर्ष काता वर्ग में रिषभ साहू ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं 6 कांस्य पदक मिले। 8 वर्ष -25 किग्रा कुमिते में वंश ठाकुर कांस्य पदक, 9 वर्ष-25 किग्रा संस्कृति शर्मा कांस्य पदक, 9 वर्ष-25 किग्रा जस्टिन कॉल्विन कांस्य पदक, 10 वर्ष 25 किग्रा में काव्या देवांगन कांस्य पदक, 11 वर्ष 30 किग्रा में अंशिका गुप्ता कांस्य पदक, 13 वर्ष 35 किग्रा में हंसिका सार्वा कांस्य पदक पर कब्जा किया।

धमतरी कराते डू एसोसिएशन के सचिव गोविंद राम ने मैनेजर के रूप में टीम का नेतृत्व किया। हेमंत चक्रधारी ने कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को जिला कराते संघ के उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष विकास दत्ता ने शुभकामनाएं दी।

## छग सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव का नगर आगमन पर सर्किट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। महापौर रामू रोहरा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। श्रीवास्तव ने काफी देर तक कार्यकर्ताओं से धमतरी के विकास और संगठननात्मक विषयों पर चर्चा की।

इसके बाद स्थानीय राइस मिल एसोसिएशन के सदस्यों ने भी संजय श्रीवास्तव का स्वागत सम्मान किया। उनके साथ भी काफी देर तक व्यापार के विषय में चर्चा हुई। मौके पर महापौर रामू रोहरा, श्रीमती रंजना साहू, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू, शशि पवार, विजय साहू, अविनाश दुबे, पवन गजपाल, विनय जैन, कोमल देवांगन, राजू चंद्राकर, गौरव मगर, अनिल तिवारी, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, संतराम साहू, देवनारायण गजेंद्र, सेवकराम साहू, संतकिरण साहू, खगेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, माहेश्वरी गजेंद्र, नीतू त्रिवेदी, रीटा बंजारे ,गायत्री सोनी, विजय लक्ष्मी, कुलेश सोनी, अखिलेश सोनकर, संतोष सोनकर समेत राइस मिल एसोसिएशन से राजेश गोलछा , नवीन सांखला, राजेंद्र लुंकड़, प्रशांत जैन, रोहिताश, गप्पी लोढ़ा, हितेश गोयल, उमेश साहू मौजूद थे।

## जनता परिवर्तन के लिए तैयार है



**धमतरी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही वोटर अधिकार यात्रा लगातार ऐतिहासिक जनसमर्थन प्राप्त कर रही है। लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता सूची में धांधली के खिलाफ चल रही इस संघर्षपूर्ण यात्रा में बिहार सहप्रभारी देवेंद्र यादव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में युवा इस यात्रा में शामिल होकर लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसी क्रम में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन भी पूरे जोश और समर्पण के साथ यात्रा में पसीना बहा रहे हैं और युवा वर्ग को इस लोकतांत्रिक लड़ाई से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब इस बात का संकेत है कि जनता परिवर्तन के लिए तैयार है और इसकी शुरुआत बिहार की धरती से होगी। यह आंदोलन केवल चुनावी धांधली के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतंत्र और जनता के अधिकारों को बचाने का महाआंदोलन बन चुका है।

## एक माह से खाद के लिए सोसाइटी का चक्कर काट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- कई किसानों को अधिक दाम पर लेना पड़ रहा

कसपुर सोसाइटी में खाद की किल्लत बनी हुई है। बरबांधा, जैतपुरी ,आमगांव, भुरसीडोंगरी समेत कई गांवों के किसान इस समय खाद की कमी से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि सोसाइटी में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। 10 किमी का सफर कर सोसाइटी जाने के बाद कई बार खाली हाथ लौट चुके हैं।




मजबूरी में कई लोग निजी दुकानों से अधिक दाम देकर खाद खरीद रहे हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई, तो फसलों की बुआई और विकास पर असर पड़ सकता है। किसान नूतन मंडावी, पवन कुमार नेताम , कुंवर सिंह मरकाम, हरिश्चंद्र नेताम, धनराज मरकाम, देवलाल दुग्गा, महेश नेताम, राधे लाल सोनी, ताराचंद कोर्राम, आनंद मरकाम, मकसूदन बंजारे, पीला राम कोर्राम, माखनलाल, जयसिंह, भुनेश्वर कोर्राम, तुलसीराम, मालती बाई, नीरा बाई सहित अन्य किसान 1 माह से सोसाइटी का चकर लगा रहे हैं। इस संबंध में सोसाइटी समिति प्रबंधक से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि कुछ किसान खाद लेने से वंचित रह गए हैं। यूरिया आ चुका है। राखड़ खाद आने वाली है। एक दो दिन में खाद का वितरण कर दिया जाएगा।







रजत जयंती महोत्सव पर चबूतरे, जल स्त्रोतों की हुई सफाई

# मंदिर परिसरों में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर स्वच्छता और जनजागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, महापौर रामू रोहरा एवं श्रीमती प्रिया गोयल के निर्देशन में नगर पालिक द्वारा विंध्यवासिनी (बिलाई माता) मंदिर तथा नागदेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाना था, बल्कि आमजन को यह संदेश देना भी था कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।




अभियान के दौरान चेतना समिति के पदाधिकारिरी, नगर के गणमान्य नागरिक, स्वयंसेवी संगठन, निगम अधिकारियों-कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सभी ने सामूहिक श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर एवं आस-पास के मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। मंदिर के आंगन, सीढ़ियां, चबूतरे एवं जल स्त्रोतों की विशेष सफाई की गई, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुखद वातावरण प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर लोगों ने संकल्प लिया कि नियमित अंतराल पर मंदिर परिसर की सफाई एवं रख-रखाव किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी आश्वासन दिया कि वे न केवल इस अभियान का हिस्सा रहेंगे, बल्कि दैनिक जीवन में भी स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे। इस दौरान आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि स्वच्छता अभियान का वास्तविक महत्व तभी साकार होगा जब इसे समाज की आदत और संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। मंदिरों और पर्यटन स्थलों की स्वच्छता से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि धमतरी शहर की पहचान और भी बढ़ेगी।

